Roll No. ..................................... Total Pages: 04

# 4174

## M. A. (Previous) EXAMINATION, 2018

## संस्कृत साहित्य

## चतुर्थ प्रश्न पत्र

## भाषा विज्ञान एवं व्याकरण अनुवाद

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

***PART – A (खण्ड – अ)*** *[Marks: 20]*

*Answer all questions (50 words each).*

*All questions carry equal marks.*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***PART – B (खण्ड – ब)*** *[Marks: 50]*

*Answer five questions (250 words each).*

*Selecting one from each unit. All questions carry equal marks.*

*प्रत्येक इकाई से* ***एक–एक*** *प्रश्न चुनते हुए, कुल पाँच प्रश्न कीजिए।*

*प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

***PART – C (खण्ड – स)*** *[Marks: 30]*

*Answer any two questions (300 words each).*

*All questions carry equal marks.*

*कोई* ***दो प्रश्न*** *कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

## खण्ड– अ

प्र.1 निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

### इकाई – I

(i) ध्वनियों के वर्गीकरण के मुख्य दो आधारों के नाम लिखिए।

(ii) भाषा वर्गीकरण के दो प्रकारों के नाम लिखिए।

### इकाई – II

(iii) ''स्पृहेरीप्सितः'' सूत्र को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(iv) ''षष्ठी हेतु प्रयोगे'' सूत्र को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

### इकाई – III

(v) ''दाक्षि' का पद–विग्रह तथा प्रकृति – प्रत्यय लिखिए।

(vi) ''भिक्षादिभ्योऽण्'' सूत्र को स्पष्ट कीजिए।

### इकाई – IV

(vii) ''अधिहरि'' पद का समास–विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

(viii) ''पितरौ'' पद का समास–विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

### इकाई – V

(ix) ''संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है'' – इस वाक्य का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

(x) ''गायों के दुहे जाने पर वह गया'' – इस वाक्य का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।

## खण्ड– ब

### इकाई – I

प्र.2 भाषा विज्ञान की प्रमुख अध्ययन – पद्धतियों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

प्र.3 ध्वनि परिवर्तन के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालिए।

## इकाई – II

प्र.4 निम्नलिखित सूत्रों में से किन्हीं दो की सोदाहरण व्याख्या कीजिए–

(क) कालाध्वनोरत्यन्त संयोगे।

(ख) साधकततमं करणम्।

(ग) भी–त्राऽर्थानां भयहेतु।

(घ) आधारोऽधिकरणम्।

## इकाई – III

प्र.5 निम्नलिखित शब्द रूपों में से किन्हीं दो की सूत्रनिर्देशपूर्वक सिद्धि कीजिए–

(क) औत्सः।

(ख) काषायणम्।

(ग) काकम्।

(घ) शैवः।

## इकाई – IV

प्र.6 निम्नलिखित समासों में से किन्हीं दो की सूत्रनिर्देशपूर्वक सिद्धि कीजिए–

(क) भूतपूर्वः।

(ख) निर्मक्षिकम्।

(ग) राजपुरुषः।

(घ) पाणिपादम्।

## इकाई – V

प्र.7 निम्नलिखित का संस्कृत में अनुवाद कीजिए–

(क) माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ होती है।

(ख) जटाओं से सन्यासी प्रतीत होता है।

(ग) गोपाल से श्याम अधिक चतुर है।

(घ) हरि भक्त के लिए मोक्ष धारण करता है।

(ङ) उस कक्षा में पच्चीस छात्र और बीस छात्राएँ हैं।

(च) मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।

(छ) वह गाँव जाता हुआ तिनके को स्पर्श करता है।

(ज) यह गुरु उस शिष्य को पाप से हटाता है।

(झ) मेरी सत्य में श्रद्धा है और अपने कार्य में निष्ठा है।

(ञ) देश की उन्नति के लिए देश भक्ति की भावना की अत्यधिक आवश्यकता है।

**<u>अथवा</u>**

प्र.8 रामायण संस्कृत–साहित्य का उच्च कोटि का महाकाव्य है। इसके रचयिता महर्षि वाल्मीकि हैं। इसमें मर्यादापुरुषोत्तम राम के जीवन–चरित का वर्णन है। यह संस्कृत में सर्वप्रथम लौकिक भावों से युक्त काव्य–ग्रन्थ है। अतः इसको आदि–काव्य कहा जाता है। इस में भारतीय संस्कृति का सुन्दरतम रूप वर्णित है। काव्य की दृष्टि से यह बहुत सुन्दर काव्य है। इसकी भाषा प्रारम्भ से अन्त तक परिष्कृत और प्रसाद–गुण –युक्त है। संसार की बहुत – सी भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है। वाल्मीकि की कीर्ति आज भी अजर और अमर है।

## खण्ड– स

प्र.9 भाषा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए भाषा की सामान्य विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**<u>अथवा</u>**

प्र.10 आर्यभाषाओं के विकास के संक्षिप्त इतिहास पर प्रकाश डालिए।

प्र.11 (क) निम्नलिखित सूत्रों में से किन्हीं दो की सोदाहरण व्याख्या कीजिएः

(अ) कर्तुरीप्सिततमं कर्म।

(आ) सहयुक्तेऽप्रधाने।

(इ) ध्रुवमपायेऽपादानम्।

(ई) यतश्च निर्धारणम्।

(ख) निम्नलिखित सूत्रों में से किन्हीं दो की सोदाहरण व्याख्या कीजिएः

(अ) अश्वपत्यादिभ्यश्च।

(आ) गर्गादिभ्यो यञ्।

(इ) साऽस्य देवता।

(ई) तदधीते तद्वेद।

----------------------------------------